देशबन्धु बिलासपुर शुक्रवार 18 फरवरी 1994

# अनिल अग्रवाल को जिले का उत्पादकता उद्यमी पुरस्कार



बिलासपुर। मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस के अनिल अग्रवाल को जिले के सर्वश्रेष्ठ उत्पादक्ता उद्यमी का प्रशस्ति पत्र दिया गया है।

राष्ट्रीय उत्पादक्ता सप्ताह के सामापन दिवस पर आयोजित एक सादे समारोह में विशेष रूप से उपस्थित कार्यक्रम के अध्यक्ष उद्योग अपर संचालक आर. के. मिश्रा के करकमलों द्वारा अनिल अग्रवाल, मेसर्स मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस औद्योगिक ग्रोथ सेन्टर सिरगिट्टी को जिले के सर्वश्रेष्ठ उत्पादकता उद्यमी का प्रशस्ती पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जे. एस. धुर्वे, श्री व्ही.के. व्योहार महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक व्ही. के. व्यौहार, म. प्र. लघु उद्योग संघ अध्यक्ष हरीश केडिया, जिला उद्योग संघ अध्यक्ष कांतिलाल जोबनपुत्रा एवं उपाध्यक्ष एस. के. मिश्रा ने राष्ट्रीय उत्पादक्ता सप्ताह पर अपने विचार प्रगट किए।

कार्यक्रम को सफल बनाने में संघ के पदाधिकारी उपाध्यक्ष अनिल लूथरा, सचिव सुनिल मारदा, सह सचिव बी. बी. हांडा कार्यकारिणी सदस्य बालकृष्ण मिश्रा तथा उद्योग विभाग के अनेक अधिकारी गणों का सहयोग सराहनीय रहा।